**मुख्य समाचार :-**

- **मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य मंत्रिमंडल ने कांग्रेस हाईकमान के समक्ष उठाया आरडीजी और भारत अमेरिका ट्रेड डील से हिमाचल को हुए नुकसान का मुद्दा।**
- **दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय एआई समिट में यूथ कांग्रेस द्वारा किए गए प्रदर्शन की प्रदेश भाजपा ने की कड़ी निंदा।**
- **शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा–शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दे रही सरकार।**
- **केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा कुनिहार में आयोजित दो दिवसीय विकसित भारत चित्र प्रदर्शनी व जनसूचना अभियान सम्पन्न।**
- **महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से नाहन में कार्यशाला आयोजित–महिलाओं ने बढ़चढ़ कर लिया भाग।**

**कांग्रेस बैठक**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्यों ने आज नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया। बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल प्रदेश मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल विशेष तौर पर मौजूद रहे। बैठक में भारत अमेरिका ट्रेड डील से हिमाचल के किसानों व बागवानों के लिए कितना नुकसान हुआ इस पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा आरडीजी बंद किए जाने से हिमाचल को हो रहे नुकसान और प्रदेश की ताजा राजनीति के साथ–साथ संगठन के गठन को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

**भाजपा**

दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन की भाजपा ने कड़ी आलोचना की है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस द्वारा किया गया ये विरोध भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा पर हमला है और वैश्विक मंचों पर भारत को बदनाम करना कांग्रेस की आदत बन चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर नई ऊँचाईयां छू रहा है, लेकिन कांग्रेस ने संर्कीणव ओछी राजनीति का परिचय देते हुए देश के सम्मान को ठेस पहुंचाने का शर्मनाक प्रयास किया है। जयराम ठाकुर ने कांग्रेस के इस रैवेये को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। इस बीच प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कहा है कि ये विरोध किसी व्यक्ति या सरकार का नहीं बल्कि भारत की प्रगति और प्रतिष्ठा का है।

इस बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने एआई समिट में हुई इस घटना को बेहद शर्मनाक बताया है। उन्होंने बताया कि आज पूरी दुनिया भारत की एआई समिट की मेजबानी की गवाह बन रही है और कांग्रेस ने देश का सम्मान बढ़ाने के बजाय आयोजन में व्यवधान डालने का बेहद शर्मनाक रास्ता चुना है।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता प्रदान कर रही है। वे आज मंडी जिला के सदर विधानसभा क्षेत्र के कोटमोर्स और मझवाड़ के दौरे के दौरान नवनिर्मित स्कूल भवनों का लोकर्पण करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। शिक्षा मंत्री ने

कहा कि शिक्षा विभाग में सात हजार पदों पर नियमित नियुक्तियां और 4 हजार पदों को राज्य चयन आयोग के माध्यम से भरने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की साक्षरतादर 99 दशमलव तीन–तीन प्रतिशत हो गई जो देशभर में सबसे अधिक है। बाद में रोहित ठाकुर ने राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी का दौरा कर विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया।

**कुलदीप पठानिया**

मंडी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर आज सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सेरी मंच से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाद में उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं और लोगों को वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।

**प्रदर्शनी**

सूचना व प्रसारण मंत्रालय के तहत केंद्रीय संचार ब्यूरो शिमला द्वारा पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कुनिहार में आयोजित दो दिवसीय विकसित भारत चित्र प्रदर्शनी व जन सूचना अभियान आज सम्पन्न हुआ। इस दौरान क्विज़ प्रतियोगिता के अलावा चित्रकाल व नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रचार्य कृष्ण कुमार, केंद्रीय संचार ब्यूरो शिमला के सहायक निदेशक प्रकाश पंत और पत्र सूचना कार्यालय के सहायक निदेशक संजीव शर्मा ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। विद्यालय के प्राचार्य ने इस कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और सकारात्मक बताया।

**कार्यशाला**

महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सिरमौर जिला के नाहन में उद्योग विभाग द्वारा रैंप कार्यक्रम के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला की महिला उद्यमियों ने बढ़चढ़ का हिस्सा लिया और अपने व्यवसाय को नई दिशा देने के संबंध में जानकारी दी। कार्यशाला की प्रभारी कृतिका शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिला उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम महिलाओं को फंडिंग, मार्केटिंग और नेटवर्किंग के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई।

***इसका उद्देश्य यह है कि जो भी हमारी हिमाचल की वूमेन एंटरप्रेन्योरश हैं उनको आगे बढ़ाने में हेल्प कर सके और फंडिंग से रिलेटेड या फिर मार्केटिंग से रिलेटेड उनकी हेल्प कर पाएं। और उसमें डिफ्रेंट डिफरेंट जो ऑफिसर्स हैं उनको इनवाइट किया है ताकि वो हर स्कीम के बारे में, हर बेनिफिट के बारे में वूमेन इंटरप्रेन्योरशिप के साथ शेयर कर पाएं। उसी के लिए हमारा मेनली फंक्शन है। और ये रैंप के अंडर है जोकि भारत सरकार की पहल है। उसमें आज 80 प्लस वूमेन एंटरप्रेन्योरश हमारे साथ जुड़ी है।***

**परीक्षा**

आकाशवाणी शिमला के क्षेत्रीय समाचार एकांश द्वारा सहायक समाचार संपादक हिन्दी और समाचार वाचक व अनुवादक हिन्दी के कैजुअल असाइनीज के लिए लिखित व स्वर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 21 से 50 वर्ष तक के शिमला नगर निगम के स्थाई निवासी आवेदन कर सकते हैं। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता मानयता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक, पत्रकारिता पीजी डिप्लोमा और रेडियो, टीवी या प्रिंट मीडिया में काम करने का अनुभव होना चाहिए। इच्छुक अभ्यार्थी किसी भी कार्यालय दिवस पर सुबह दस बजे से शांम 5 बजे तक आकाशवाणी शिमला के समाचार एकांश से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 23 मार्च निर्धारित की गई है। इस परीक्षा के लिए समान्य श्रेणी के आवेदकों को 3 सौ 54 रूपए और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 2 सौ 66 रूपए का शुल्क ऑनलाईन जमा करना होगा।

**निरीक्षण**

खान मंत्रालय में संयुक्त सचिव संदीप कदम ने अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान आज कुल्लू जिला में पीएम श्री योजना के तहत संचालित विद्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल, राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला लोअरविंग कुल्लू और पीएम श्री राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौहल का निरीक्षण कर शैक्षणिक व आधारभूत विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। संदीप कदम ने पीएम श्री योजना के तहत विद्यालयों में आए बदलाव और उनके संकेतकों के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की।

**नगर निगम**

नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान ने आज वित्त वर्ष 2026–27 के लिए 6 सौ 88 करोड़ रूपए का बजट पेश किया। पिछले वर्ष ये बजट एक सौ 88 करोड़ रूपए का था। सुरेंद्र चौहान ने कहा कि शिमला शहर में 26 चिन्हित स्थानों पर फूड वैन स्थापित किए जाएंगे, ताकि बेरोजगार महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिल सके। इसके अलावा उन्होंने शिमला के कोर एरिया में ई कार्ट चलाने और शहर के  हर वार्ड में पार्किंग निर्माण की घोषणा की।

**मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- **मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य मंत्रिमंडल ने कांग्रेस हाईकमान के समक्ष उठाया आरडीजी और भारत अमेरिका ट्रेड डील से हिमाचल को हुए नुकसान का मुद्दा।**
- **दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय एआई समिट में यूथ कांग्रेस द्वारा किए गए प्रदर्शन की प्रदेश भाजपा ने की कड़ी निंदा।**
- **शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा–शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दे रही सरकार।**
- **केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा कुनिहार में आयोजित दो दिवसीय विकसित भारत चित्र प्रदर्शनी व जनसूचना अभियान सम्पन्न।**
- **महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से नाहन में कार्यशाला आयोजित–महिलाओं ने बढ़चढ़ कर लिया भाग।**

---